Printed Pages – 4

I-53

B.A. (Part-II) Supplementary/Special, Examination, 2021

HINDI LITERATURE

Paper - II

(अर्वाचीन हिन्दी काव्य)

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 75

Minimum Pass Marks : 25

नोट : सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है। प्रश्नों में आंतरिक विकल्प हैं।

Q. 1. निम्नलिखित पद्यांशों में से किन्हीं तीन की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : **7×3=21**

(क) उपलक्ष के पीछे कभी विगलित न जीवन-लक्ष्य हो,
जब तक रहें ये प्राण तन में पुण्य का ही पक्ष हो।
कर्त्तब्य एक न एक पावन नित्य नेत्र समक्ष हो,
सम्पत्ति और विपत्ति में विचलित कदापि न वक्ष हो।।

(ख) जनता पर जादू चला राजे के समाज का।
लोक-नारियों के लिए रानियाँ आदर्श हुईं
धर्म का बढ़ावा रहा धोखे से भरा हुआ।
लोहा बजा धर्म पर, सभ्यता के नाम पर।
खून की नदी बही।

आँख-कान मूँदकर जनता ने डुबकियाँ ली।
आँख खुली-राजे ने अपनी रखवाली की।

(ग) जलाशयों में कमल दलों सा
हमें खिलाता नित दिनकर,
पर बालक सा वायु सकल दल
बिखरा देता चुन सत्वर;
लघु लहरों से चल पलनों में
हमें झुलाता जब सागर,
वही चील सा झपट, बाँह गह,
हमको ले जाता ऊपर।

(घ) गयी सदियाँ कि यह बहती रही गंगा
गनीमत है कि तुमने मोड़ दी धारा
बड़ी बाढ़ोमयी उद्दण्ड नदियों की
बना दी पत्थरों वाली नयी कारा।
उठो, कारा बनाओ इस गरीबी की
रहो मत दूर अपनों के निकट आओ,
बड़े गहरे लगे हैं घाव सदियों के
मसीहा इनको ममता बन के सहलाओ।

(ङ) अर्पित करती हूँ तुझे।
वही-वही प्रत्येक भरे प्याला जीवन का,
वही-वही नैवेद्य चढ़ा

अपने सुन्दर आनंद-निमिष का,

तेरा हो

हे विगतागत के, वर्तमान के पद्मकोश!

हे महाबुद्ध।

Q. 2. ''मैथिलीशरण गुप्त आधुनिक युग के प्रतिनिधि कवि हैं।'' इस कथन की समीक्षा कीजिए। **12**

अथवा

''निराला की कविताओं में प्रगतिवादी विचारधारा की सफल अभिव्यक्ति हुई है।'' इस कथन की विवेचना कीजिए।

Q. 3. सुमित्रा नंदन पंत कोमल कल्पना के कवि है। सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। **12**

अथवा

''माखन लाल चतुर्वेदी की कविताएँ राष्ट्रीय भावनाओं से ओत-प्रोत हैं।'' इस कथन पर प्रकाश डालिए।

Q. 4. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : **15**

(i) प्रयोगवादी काव्यधारा की विशेषताएँ।

(ii) हरिऔध का व्यक्तित्व एवं कृतित्व।

(iii) सुभद्रा कुमारी चौहान के काव्य में राष्ट्रीय भावना।

(iv) श्रीकान्त वर्मा का साहित्यिक परिचय।

Q. 5. वस्तुनिष्ठ प्रश्न कीजिए : **15**

(i) साकेत किसकी काव्य कृति है ?

(ii) 'राम की शक्ति पूजा' किसी रचना है ?

(iii) 'परिवर्तन' कविता के कवि कौन हैं ?

(iv) 'उलाहना' कविता में किस पर व्यंग्य है ?

(v) 'कर्मवीर' के संपादक कौन हैं ?

(vi) नई कविता का जन्म कब से माना गया ?

(vii) प्रथम तार सप्तक का संपादन किसने किया ?

(viii) निराला ने कौन सा खण्डकाव्य रचा है ?

(ix) 'अरे यायावर रहेगा याद' किस कविता की पंक्ति है ?

(x) तारसप्तक में कुल कितने कवि हैं ?

(xi) 'भारत माता' कहाँ निवास करती है ?

(xii) राष्ट्रीय बसंत की प्रथम कोकिला किसे कहा जाता है ?

(xiii) अर्वाचीन हिन्दी काव्य के संपादक का नाम लिखिए।

(xiv) प्रयोगवाद के जनक का नाम लिखिए।

(xv) 'मुकुट'' किसका काव्य संग्रह है ?